"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि.से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 38] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 20 सितम्बर, 2002—भाद्र 29, शक 1924

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 23 अगस्त 2002

क्रमांक 1533/2002/साप्रवि/1/2/2259.—श्री ए. के. विजयवर्गीय, आय. ए. एस. (1969) प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग को पदोन्नत करते हुए अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग के पद पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ किया जाता है.

2. श्रीमती इंदिरा मिश्रा, आय. ए. एस. (1969) प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग को पदोन्नत करते हुए अपर मुख्य सचिव, ग्रामोद्योग विभाग के पद पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ किया जाता है.

3. श्री ए. के. विजयवर्गीय तथा श्रीमती इंदिरा मिश्रा द्वारा कार्यग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम 1954 के नियम 9 के अंतर्गत अपर मुख्य सचिव के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में ऊपर दर्शित नियमों की अनुसूची

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2002.

3 (ए) में सम्मिलित मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के पद के समकक्ष घोषित करता है.

रायपुर, दिनांक 4 सितम्बर 2002

क्रमांक 2332/2002/1/2.—श्री शिव कुमार तिवारी, भा. प्र. से. (1993), संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सचिव, लोक आयोग के पद पर पदस्थ किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरूण कुमार, मुख्य सचिव.

रायपुर, दिनांक 5 सितम्बर 2002

क्रमांक 2338/1626/02/2/एक/लीव.—श्री जी. एस. मिश्रा, उप सचिव, छ. ग. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को इस विभाग के आदेश क्रमांक 1841/1470/साप्रवि/02/2/एक, दिनांक 8-7-2002 द्वारा श्री मिश्रा को 28-6-2002 से 12-7-2002 (15 दिन) तक का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था, इसी अनुक्रम में श्री मिश्रा को दिनांक 13-7-2002 से 3-8-2002 (22 दिन) तक का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा दिनांक 4-8-2002 को सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

2. आदेश दिनांक 8-7-2002 के अनुसार कालम (2) से (4) तक यथावत रहेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. बाजपेयी, अवर सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग (सूचना प्रौद्योगिकी) विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 30 अक्टूबर 2001

विषय :—शासन को वित्तीय भार आए बिना सूचना गुमटियों के माध्यम से नागरिक सुविधाओं के प्रदाय हेतु इलेक्ट्रॉनिकी शासन (ई-गवर्नेन्स) परियोजनाओं में निजी भागीदारी एवं निवेशों के लिए दिशानिर्देश/सिद्धांत और सामान्य शर्तें.

क्रमांक 138/पी. एस./एस.सी.एम./2001/Notif.—राज्य की सूचना प्रौद्योगिकी नीति में यह प्रावधान है कि हर नागरिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से सूचना स्वयं या, जहां आवश्यक हो, सार्वजनिक या निजी मध्यस्थों से प्राप्त करने में सहूलियत महसूस करे. सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाली सूचना गुमटियां नागरिकों को आवश्यक विविध सेवाओं तथा जानकारियों को सुगमता से उपलब्ध कराएंगी. इस प्रकृति की इलेक्ट्रॉनिकी शासन (ई-गवर्नेन्स) परियोजनाओं में डाटाबेस तथा जानकारी की विषयवस्तु का विकास, ऐसी सुविधाओं के लिए आवश्यक जानकारियों पर की जा रही प्रक्रिया, एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर डिजाइन, प्रयुक्त हार्डवेयर आदि भी सम्मिलित हैं. सूचना गुमटियों के माध्यम से नागरिक सुविधाओं के प्रदाय हेतु इलेक्ट्रॉनिकी शासन परियोजनाएं शासन द्वारा उपयोग की जा रही सूचना प्रबंध प्रणालियों से भिन्न होंगे.

त्वरित नागरिक सुविधायें शीघ्र उपलब्ध कराने तथा राज्य की नीति के प्रावधानों के अनुरूप राज्य शासन एतद्द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी शासन परियोजनाओं में निजी भागीदारी एवं निवेशों के लिए निम्न दिशानिर्देश/सिद्धांत और सामान्य शर्तें विहित करता है—

1. निजी भागीदारी के प्रस्ताव शासकीय कोष पर बिना भार के होंगे.

2. नागरिक सुविधाओं के प्रदाय हेतु इलेक्ट्रॉनिकी शासन परियोजनाएं किसी भी निवेशक को दी गई अनुमति एकाधिकार प्रदान नहीं करेंगी. शासन सभी निवेशकों को अनुमति देने का अधिकार सुरक्षित रखता है तथा किसी भी निवेशक के पक्ष में परियोजना में निवेश स्तर पर, या बैक-एंड स्तर पर या गुमटी स्तर पर कोई एकाधिकार सृजित नहीं होगा.

3. ई-गवर्नेन्स परियोजना की समयावधि छ: वर्ष की होगी और पांच वर्ष के अंत में इसकी समीक्षा की जायेगी तथा आपसी सहमति और समीक्षा में संतोषप्रद नतीजे के आधार पर ही परियोजना के करारनामे के नवीनीकरण पर विचार किया जायेगा. यदि करारनामे की अवधि के पूर्व परियोजना समाप्त की जाती है तो समस्त हार्डवेयर (सूचना गुमटियों को छोड़) तथा सभी सॉफ्टवेयर और उनमें निहित बौद्धिक सम्पत्ति शासन में वेष्ठित हो जायेंगे जिसके लिये कोई मुआवजा नहीं दिया जायेगा.

4. सूचना गुमटियां का राज्यव्यापी भौगोलिक विस्तार सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक निवेशक द्वारा प्रति विकासखण्ड कम से कम 1[illegible] गुमटियां स्थापित करना आवश्यक होगा.

5. राज्य शासन कतिपय स्थानों जैसे शासकीय कार्यालय इत्यादि को सूचना गुमटियों के रूप में विकसित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और इन स्थलों पर भी निवेशकों द्वारा वही नागरिक सुविधायें दी जायेंगी जैसा कि अन्य गुमटियों में उपलब्ध होंगी.

6. राज्य शासन को अपनी आंतरिक सूचना एवं जानकारियां तथा गोपनीयता को सुरक्षित रखने के अधिकार होंगे.

7. सूचना गुमटियों में प्रत्येक संव्यवहार राज्य शासन द्वारा विनिश्चित की गई फीस पर आधारित होगा जिसका एक निश्चित प्रतिशत राजस्व अंश निवेशकों द्वारा शासकीय कार्यालयों में प्रमाणीकरण, सत्यापन तथा प्रोसेसिंग के एवज में राज्य शासन को देय होगा.

8. परियोजना राज्य शासन पर बिना किसी वित्तीय व्ययभार के क्रियान्वित की जाएगी एवं हार्डवेयर, साफ्टवेयर, परियोजना के लिए सुसंगत समस्त जानकारी (कंटेंट) का विकास और परियोजना से संबंधित शासकीय कर्मचारियों के प्रशिक्षण का समस्त व्यय निवेशकों द्वारा वहन किया जाएगा. राज्य शासन उसके कार्यालयों के माध्यम से शासकीय डाटाबेस एवं परियोजना से संगत सूचनाएं निवेशकों को ''जहां है जैसी है'' आधार पर उपलब्ध कराएगा. शासन के वर्तमान डाटाबेसों को संशोधित या पुनरीक्षित करने का राज्य शासन का एकाधिकार रहेगा.

9. राज्य शासन के विभिन्न विभागों और सेक्टरों में वर्तमान में जारी कम्प्यूटरीकरण की विभिन्न गतिविधियां जो बैक-एंड और फ्रंट-एंड पर चल रही है और जो नागरिक सुविधाओं से संबंधित है उन्हें जारी रखा जायेगा. गुमटियों से दी जाने वाली नागरिक सुविधाओं की सेवा दरों में समानता सुनिश्चित की जायेगी.

[illegible] में [illegible] जो [illegible] कार्यालयों में स्थापित की जायेगी के संचालन में राज्य शासन द्वारा समाज के कमजोर वर्गों को [illegible]

11. परियोजना के उपयोग के लिये निवेशकों द्वारा जहां-जहां ऑप्टिकल फाइबर चैनल बिछाया जायेगा वहां राज्य शासन के उपयोग के लिये नि:शुल्क 2 एमबीपीएस बैण्डविड्थ निवेशकों द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी.

12. निवेशकों द्वारा संवेदनशील जानकारियों को निष्ठा व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तथा जानकारी एवं डाटाबेस के अनधिकृत उपयोग को ट्रैक करने के लिए समुचित सिस्टम ऑडिट की व्यवस्था की जाएगी.

13. राज्य शासन को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह परियोजना के लिये एकत्रित किसी भी जानकारी अथवा निर्मित किसी भी डाटाबेस का उपयोग करे. राज्य शासन परियोजना का उपयोग अपने स्वयं की प्रबंधन सूचना प्रणाली के संचालन में करने के लिये स्वतंत्र होगा. राज्य शासन को अपनी प्रबंधन सूचना प्रणाली को परियोजना के निवेशकों को अभिन्यस्त करने अथवा परियोजना से असंबद्ध किन्हीं अन्य निवेशकों को अभिन्यस्त करने का अधिकार रहेगा. यह स्पष्ट किया जाता है कि नागरिक सुविधाओं के लिये प्रस्तावित सूचना गुमटी परियोजना एवं शासन को प्रबंधन सूचना पद्धति दो अलग-अलग व्यवस्थाएं होंगी परन्तु उनके बीच इस प्रकार का तालमेल होना चाहिए जिससे कि बिना एक को प्रभावित किये दूसरे में परिवर्तन यदि आवश्यक हो तो किये जा सकें.

14. गुमटियां उपयुक्त प्रौद्योगिकी पर आधारित होंगी.

15. परियोजना की डिजाइन में निवेशकों द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि तत्समय प्रवृत्त सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम एवं अन्य सभी संगत विधिक प्रावधानों का पालन हो. साथ ही निवेशकों का यह सुनिश्चित करना भी दायित्व होगा कि प्रत्येक ऐसे संव्यवहार जिसमें किसी शासकीय प्राधिकारी व शासकीय अभिलेखों पर प्रमाणीकरण या अनुमोदन आवश्यक हो तो ऐसे प्रमाणीकरण या अनुमोदन उपरान्त ही नागरिक सुविधायें उपलब्ध कराई जायें.

16. निवेशकों का यह दायित्व होगा कि परियोजना के लिये एकत्रित की गई किसी भी ऐसी जानकारी का अनाधिकृत प्रसार नहीं किया जाये जिससे राज्य के हितों पर आघात हो. सभी नागरिकों को सूचना गुमटियों से जानकारी और सुविधाएं लेने का समान अधिकार होगा और निवेशकों पर इस अधिकार के संरक्षण का दायित्व होगा. उल्लंघन की दशा में गुमटी संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करना निवेशक के लिये आवश्यक होगा और ऐसा न करने की दशा में राज्य शासन द्वारा समुचित कार्यवाही की जावेगी.

17. राज्य शासन को यह अधिकार होगा कि वह सूचना गुमटियों के कार्य के समय के संबंध में आवश्यक निर्देश दे सके. निवेशकों द्वारा गुमटियों के स्थल के चयन हेतु छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी से परामर्श करना आवश्यक होगा.

18. राज्य शासन को यह अधिकार होगा कि वह किन्हीं मामलों में गुमटियों द्वारा वितरित की जाने वाली जानकारियों को विनियमित कर सके. तथापि ऐसा विनियमन केवल नकारात्मक सूची के माध्यम से होगा जिसमें केवल वे ही मामले शामिल होंगे जो कानून व्यवस्था अथवा नागरिकों के बीच कटुता फैलाने की दृष्टि से संवेदनशील हों.

19. राज्य शासन निवेशकों को समय-समय पर नागरिक सेवाओं में वृद्धि के लिये निर्देशित कर सकेगा.

20. गुमटी संचालकों और निवेशकों के आपसी वाणिज्यिक संबंध में राज्य शासन हस्तक्षेप नहीं करेगा. तथापि जहां नागरिकों के समानता के अधिकारों का उल्लंघन हो अथवा संवेदनशील मामलों में जानकारियां वितरित की जाने की बात हो तो ऐसे अवसरों पर हस्तक्षेप के अधिकार राज्य शासन में सुरक्षित रहेंगे.

21. परियोजना निवेशकों को राज्य शासन अपने कार्यालयों में उपलब्ध आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिये अपने अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करेगा. राज्य शासन के ऐसी सूचना प्रदाय करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों और निवेशकों के बीच जानकारी और उसका प्रोसेसिंग इत्यादि से संबंधित कोई संव्यवहार नहीं किये जायेंगे.

22. इस प्रकार की नागरिक सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये जहां एक से अधिक निवेशकों को शासकीय जानकारियां उपलब्ध कराया जाना हो वहां ऐसे सिद्धान्त शासन तय कर सकेगा जिसके अनुरूप सुगमता से विभिन्न निवेशक बिना किसी प्रतिद्वंद के जानकारियां प्राप्त कर सकें. यथासंभव "प्रथम आओ प्रथम पाओ" सिद्धान्त के आधार पर किसी भी शासकीय कार्यालय से निवेशकों को जानकारी उपलब्ध हो सकेगी.

23. परियोजना क्रियान्वित करने से पूर्व निवेशक विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन राज्य शासन को प्रस्तुत करेंगे और ऐसे प्रतिवेदन में परियोजना की वायेबिलिटी, नागरिक सुविधाओं की सेवा दरें इत्यादि के प्रस्ताव तथा संवेदनशील सूचनाओं को गोपनीयता बनाये रखने के तकनीकी पहलुओं का विश्लेषण दिया जायेगा. परियोजना प्रतिवेदन के अनुमोदन के उपरान्त ही निवेशकों द्वारा परियोजना क्रियान्वित की जा सकेगी. परियोजना क्रियान्वित करने बावत करारनामे में उपरोक्त मार्गदर्शी सिद्धान्तों और शर्तों का यदि उल्लंघन होता है तो राज्य शासन को यह अधिकार होगा कि वह अपनी सूचना प्रणालियां, सूचना के स्रोत और शासकीय कार्यालयों में उपलब्ध जानकारी ऐसे निवेशकों को उपलब्ध नहीं कराये. इसी प्रकार शासन को यह भी अधिकार होगा कि उल्लंघन से पूर्व की स्थिति में प्रदत्त सूचना अथवा जानकारियों का उल्लंघन करने वाले किसी भी प्रकार से उपयोग नहीं करने दें.

24. सूचना गुमटियों के लिये जहां शासकीय भूमि आवश्यक हो और उसके आवंटन बावत राज्य शासन के राजस्व विभाग और वाणिज्य एवं उद्योग (सूचना प्रौद्योगिकी) विभाग और अन्य संबंधित विभाग मिलकर संयुक्त रूप से मापदण्ड तैयार करेंगे.

Raipur, the 30th October 2001

Sub. :—Guidelines/principles and general conditions for allowing private participation and investments in E-Governance projects for the delivery of Citizen Services through information kiosks at no cost to the Government.

No. 138/PS/SCM/01/Noti..—The State Policy on Information Technology provides that every citezen must feel comfortable in accessing information through the use of technology-whether directly or, where essential, through public or private intermediaries. Information kiosks using IT would facilitate convenient access to a variety of services and information required by citizens. The scope of E-Governance projects of this nature would also include development of databases and content, processing of information required for such services, application software design, hardware employed etc. These projects for the delivery of Citizen Services through information kiosks shall be distinct from the Management Information Systems used within the Government.

In order to provide efficient Citizen Services at the earliest and in accordance with the provisions of the State Policy, the State Government hereby prescribes the following guidelines/principles and general conditions for allowing private participation and investments in E-Governance projects for Citizen Services—

1. Proposals for private participation and investments shall be without any burden on the State Exchequer.

2. Projects of E-Governance for Citizen Services shall not be allowed on exclusive basis to any investor. The State Government reserves the right to allow appropriate projects of all investors and there shall not be any exclusive rights created in favour of any investor either at the level of investments in the project. or at the level of the back-end or at the level of kiosks.

3. The duration of E-Governance projects shall be six years, and shall be reviewed at the end of five years. The agreement pertaining to the award of any project shall be renewed only on mutual agreement between the investor(s) and the State Government; and shall be renewable only if the review indicates satisfactory performance. Should the project be closed down before the agreed duration, all the hardware (except the kiosks). and all the software and intellectual properties, thereof shall stand forfeited to the State Government. No compensation shall be payable for the properties and resources thus forfeited.

4. In order to ensure the State-vide geographical spread of information kiosks, every investor shall be required to set up minimum of fifteen (15) such kiosks in every Block (Janpada Panchayat area).

5. The State Government reserves the right to develop certain sites (such as Government offices etc.) as information kiosks, and the investor(s) shall provide the same services to such kiosks as are provided thourgh other information kiosks by the investor.

6. The State Government shall have the right to secure the integrity of information internal to the Government and also those where confidentiality is required to be maintained.

7. All transactions taking place at the information kiosks shall be based on recovery of fee and the fee for Citizen Services at the kiosks to be approved by the Government shall include a percentage share of its revenues which will be payable to the State Government for certification, authentication and processing by its offices.

8. The project shall be executed at no cost to the Government and the entire expenditure in respect of all hardware. development of content relevant to the project, development of application and other software, as well as the costs involved in training employees of the Government concerned with the project shall be born by the investor(s). The State Government. through its offices, shall make databases and information relevant to the project available on an "as is where is basis" to investors. The State Government shall have the exclusive right to decide on amending or revising its existing database(s) in any manner.

9. All current projects of computerisation at the back-end and front-end levels in the different Departments of the State Government and different sectors concerned with Citizen Services shall be continued. It would also be ensured that rates of fee for services are uniform at the kiosks, even if set up by different Departments.

10. The State Government shall provide representation to persons belonging to the weaker sections of the society in operating kiosks set up in Government offices as mentioned in paragraph 5 above.

11. Wherever Optical Fibre Cable channels are laid for use in the project, the investor shall make available band width equivalent to 2 MBPS to the State Government free of any charge.

12. The investors would take steps to ensure the integrity and security of sensitive information, to check against misuse of information and to establish appropriate system audit to track unauthorised use of information and database.

13. The State Government reserves the right to utilise any information collected or database created for the project. The State Government would be free to access the project for use in operating its own Management Information System and shall also have the right to entrust the State Government's Management Information System to the project's investors or to any other investors not concerned with the Citizen Services project. It is also clarified that although the Citizen Services project and the Management Information Systems of the State Government would be distinct systems, yet there should be linkages between the two in such a manner that modifications in one could be carried out without affecting the other adversely.

14. Information kiosks shall deploy appropriate technologies.

15. Every project shall be so designed that the provisions of the Information Technology Act as may be in force, and of all other relevant laws are complied with. In addition, in the case of any transaction where authentication or approval by any Government authority is required on relevant Government records, investors shall be responsible for ensuring that Citizen Services are made available only after such approval or authentication by the prescribed authority.

16. Investors would be responsible for ensuring that there is no unauthorised dissemination of information collected for the purpose of the project, prejudicial to the interests of the State. All Citizens shall have equal rights to access information and obtain services from the Information kiosks and investors shall be responsible for protecting the said rights. Investors are required to take action against kiosk operators violating such rights and the State Governments shall proceed to take suitable action in the event of any failure on the part of the investors.

17. The State Government reserve the rights to issue necessary directions in respect of the timings of the information kiosks. Investors shall also be required to consult Chhattisgarh infotech Promotion Society (CHiPS) for deciding on the location of the kiosks.

18. The State Government shall have the right to regulate, in certain cases, information disseminated through the kiosks. However, such regulation shall be only through a negative list containing only those matters adversely affecting law and order or those sensitive from the standpoint of spreading disaffection among citizens against each other.

19. The State Government may, from time to time, direct investors to extend the range of Citizen Services provided through kiosks.

20. The State Government shall not be a party to the commercial relations between the investors and the kiosk operators. However, the State Government reserves the right to intervene in the event of violation of the rights of equality of Citizens in accessing services and information or when sensitive information affecting law and order is disseminated in violation of directions in that regard.

21. The State Government shall direct its officers and employees to provide information required by the project and available in Government offices. The investors shall not enter into any transactions with Government officers and employees in respect of information provided for the project and for processing thereof.

22. Where more than one investor requires information for providing Citizen Services, the State Government shall lay down the principle to be followed for resolving the conflicting demands for access to information by different investors. Wherever possible, Government offices would make information available to the investors on the principle of "first come first served".

23. Investors are required to submit a Detailed Project Report to the State Government before starting the project and the report should contain analysis of the viability of the project, proposed rates of fee for the different services, and the technical issues relating to ensuring the confidentiality and integrity of sensitive information entrusted to the project. Investors shall start the execution of the project only after the State Government has approved the Detailed Project Report. In the event of any violation of the project agreement by the investor in respect of the foregoing guidelines/principles and general conditions, the State Government shall also have the right to refuse access to its information systems, deny its sources of information and the information available with its offices. Similarly, the State Government shall also have the right to refuse such violators the use of information already collected for the project or in use in the project prior to such violation.

24. The State Government's Revenue Department, Commerce and Industries (IT) Department and other related Departments shall jointly prepare the norms for allotment of any Government land required for locating information kiosks.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुनिल कुमार, सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 2 जुलाई 2002

क्रमांक 1604/817/02/11/वा. उ.—इण्डियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन मे. बालको केप्टिव पावर प्लांट कोरबा यूनिट क्र. 1 के बायलर क्रमांक एम. पी./3695 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबन्धों के प्रवर्तन से दिनांक 26-6-2002 से 25-11-2002 तक पांच माह के लिये छूट देता है :—

(1) संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उपर्युक्त अधिनियम की धारा 12 एवं 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बायलर की सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियतकालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेग्युलेटर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) मध्यप्रदेश बायलर निरीक्षण नियम 1969 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क देय होने पर अग्रिम दी जावेगी, एवं

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापिस ले सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. के. तिवारी, संयुक्त सचिव.

महिला एवं बाल विकास विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 4 सितम्बर 2002

क्रमांक 713/म. बा. वि./2002/26-1.—राज्य शासन "मिनी माता स्मृति महिला उत्थान पुरस्कार नियम-2001" में एतद्द्वारा निम्नानुसार संशोधन करता है.

1. कंडिका-1 (1) में "मिनी माता स्मृति महिला उत्थान पुरस्कार नियम-2001" विलोपित किया जाकर उसके स्थान पर "मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) नियम-2001" प्रतिस्थापित किया जाता है.

2. नियम 5 (6) को विलोपित किया जाकर, उसके स्थान पर निम्नानुसार नियम 5 (6) प्रतिस्थापित किया जाता है :—

"ज्यूरी के सदस्य यदि बाहर से आते हैं तो उन्हें वायुयान द्वारा यात्रा की पात्रता होगी तथा उन्हें शासन द्वारा निर्धारित दरों पर वातानुकूलित वाहन एवं वातानुकूलित आवास की व्यवस्था शासकीय गेस्ट हाऊस या शासकीय गेस्ट हाऊस उपलब्ध न होने की स्थिति में निजी सम्मानजनक होटल में ठहराने की व्यवस्था की जायेगी."

3. नियम 6 (2) को विलोपित किया जाकर उसके स्थान पर निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाता है :—

"नियम 6.2 (1)-"प्रविष्टियां जिला कलेक्टर के समक्ष सीलबंद लिफाफे में निम्नलिखित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत की जावेंगी."

(क) महिला/अशासकीय संस्था का पूर्ण परिचय.

(ख) महिलाओं के उत्थान हेतु किये गये मय सेवा कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी. यह प्रमाणपत्र भी संलग्न करना होगा कि उपलब्धियां वास्तविक तथ्यों पर आधारित है.

(ग) यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण.

(घ) उत्कृष्ट सेवा कार्य के विषय में कोई प्रतिवेदन प्रकाशित हुआ हो तो उसका विवरण एवं प्रकाशित प्रतिवेदन की एक एक छायाप्रतियां.

(ङ) महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र-पत्रिकाओं तथा संस्थाओं द्वारा की गई टिप्पणियों की छायाप्रतियां/सत्य प्रतिलिपियां.

(च) अन्य सुसंगत दस्तावेज, जो आवश्यक हों.

(छ) चयन होने की दशा में पुरस्कार ग्रहण करने के बारे में महिला/संस्था की लिखित सहमति.

नियम 6.2 (2)-प्रविष्टियों के संबंध में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित अधोनुसार समिति द्वारा परीक्षण कर प्रत्येक जिले से सर्वोत्कृष्ट दो प्रविष्टियां राज्य स्तर पर अनुशंसा कर भेजी जावेंगी.

1.	जिला कलेक्टर	अध्यक्ष
2.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत	सदस्य
3.	उपसंचालक/सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग संबंधित जिला	सदस्य
4.	उपसंचालक पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग	सदस्य
5.	जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी संबंधित जिला.	सदस्य संयोजक

नियम 6.2 (3)-समिति की अनुशंसा के उपरांत जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के द्वारा प्रत्येक अनुशंसित संस्था/महिला के संबंध में एक संक्षेपिका तैयार कर प्रेषित की जावेगी जो उपरोक्तानुसार कंडिका 2.1 में वर्णित बिन्दुओं को समाहित करेगी.

नियम 6.2 (4)-जिला स्तर से प्राप्त अनुशंसा के उपरांत नियम पांच के अनुसार निर्णायक मंडल द्वारा अंतिम निर्णय लिया जावेगा. यद्यपि ज्यूरी स्वविवेक से प्राप्त प्रकरण या अप्राप्त अन्य किसी भी प्रकरण पर निर्णय ले सकेगी या विचार कर सकेगी.

यह संशोधन अधिसूचना जारी होने के दिनांक से तत्काल प्रभावशील होंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. एल. अग्रवाल, विशेष सचिव.

वित्त एवं योजना विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

छत्तीसगढ़ स्थानीय विकास योजना
मार्गदर्शिका

क्रमांक 559/2002/23/आसां, रायपुर, दिनांक 4 जुलाई 2002

1. **योजना का उद्देश्य :**

जन सामान्य द्वारा स्थानीय आवश्यकता के छोटे-छोटे कार्यों को कराये जाने हेतु शासन से अपेक्षा की जाती है. जनहित के ऐसे लघु कार्यों के लिए आवश्यक वित्तीय व्यवस्था हो, इस उद्देश्य से छत्तीसगढ़ स्थानीय विकास योजना बनाई गई है.

2. **योजना का स्वरूप :**

2.1 ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के जनहित के लघु कार्यों हेतु राज्य शासन के प्राधिकृत अधिकारी को आवेदन दिये जायेंगे. ऐसे आवेदन जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी प्रस्तुत किया जा सकेगा.

2.2 पूर्व में विधानसभा क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत अपूर्ण निर्माण कार्यों को इस योजना के अंतर्गत पूर्ण करने के लिए राशि दी जा सकेगी.

2.3 इस योजना के अंतर्गत क्रियान्वित किए जा सकने वाले लघु कार्यों की सूची परिशिष्ट-1 में दर्शाई गई है.

3. **योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया :**

3.1 राज्य स्तर पर वित्त एवं योजना विभाग इस योजना के क्रियान्वयन के लिए नोडल विभाग होगा. जिला स्तर पर जिला कलेक्टर योजना के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी होंगे.

3.2 प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण किया जायेगा. परीक्षण के उपरान्त जिन कार्यों को प्राधिकृत अधिकारी इस योजना के अंतर्गत लिया जाना उचित समझते हैं उनकी सूची शासन (वित्त एवं योजना विभाग) को भेजेंगे.

3.3 वित्त एवं योजना विभाग प्रस्ताव प्राप्त होने पर प्रस्तावों के परीक्षण उपरान्त सूची तैयार करेंगे तथा मंत्रि-परिषद् के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेंगे.

3.4 कार्यों की सूची अनुमोदन उपरान्त संबंधित कलेक्टरों को भेजी जायेगी.

3.5 कलेक्टर शासन के द्वारा अनुमोदित कार्यों का प्राक्कलन तैयार करेंगे तथा सक्षम अधिकारी के द्वारा तकनीकी स्वीकृति जारी की जायेगी. कलेक्टर कार्यों की अनुमानित लागत हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी करेंगे.

3.6 कार्यों की क्रियान्वयन एजेंसी का निर्धारण कलेक्टर के द्वारा किया जायेगा.

3.7 कलेक्टर के द्वारा दो अथवा तीन किश्तों में कार्यों की प्रगति के अनुसार क्रियान्वयन एजेंसी को राशि उपलब्ध कराई जायेगी.

4. योजना के लिये वित्तीय व्यवस्था :

4.1 राज्य शासन, कलेक्टर को आवश्यकतानुसार आवंटन उपलब्ध करायेगा. राज्य शासन प्रत्येक जिले को दिये जाने वाली राशि का निर्धारण करेगा एवं अनुमोदित कार्यों की प्रत्याशा में धनराशि का आवंटन जिलों को दिया जा सकेगा. इस योजना के अंतर्गत प्राप्त राशि का हिसाब कलेक्टर द्वारा पृथक् से रखा जावेगा और इसके लिए जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी उत्तरदायी होंगे.

4.2 योजना के अंतर्गत स्वीकृत/शुरु किये गये सभी कार्यों का सामान्य वित्तीय एवं लेखा परीक्षा प्रभावशील होगा.

5. योजना की मुख्य विशेषताएं :

5.1 इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्य पर्यवेक्षण प्रभार से मुक्त रहेंगे. संबंधित निर्माण विभाग एवं क्रियान्वयन एजेंसी को केवल कार्यों की लागत के बराबर ही राशि का आवंटन किया जावेगा.

5.2 इस योजना के अंतर्गत निर्मित किए जाने वाले कार्य मुख्य रूप से परिसंपत्ति सृजन स्वरूप के होंगे तथा सामग्री, उपकरण आदि की खरीदी अथवा राजस्व खर्च की अनुमति नहीं दी जावेगी. योजना के अंतर्गत ऐसे कार्य ही लिये जाएंगे जो एक अथवा दो मौसम में ही पूरे हो सकते हों.

5.3 योजना के अंतर्गत केवल जनहित के कार्यों को ही लिया जायेगा. किसी धर्म, सम्प्रदाय, जाति विशेष के लिए निर्माण कार्य नहीं किए जायेंगे.

5.4 योजना के अंतर्गत किये जाने वाले कार्य पूर्ण होने पर उसका मूल्यांकन सक्षम अधिकारी के द्वारा किया जायेगा जो कि उन कार्यों के अनुरक्षण के लिये उत्तरदायी होंगे.

5.5 योजना के कार्यों को चिन्हित करने के लिए कार्यस्थल पर बोर्ड अथवा पत्थर लगाया जायेगा जिसमें योजना का नाम, स्वीकृति का वर्ष, कार्यो की अनुमानित लागत, कार्यों की पूर्णता की तिथि का उल्लेख किया जायेगा.

5.6 योजना के अंतर्गत लिए जाने वाले कार्य का क्रियान्वयन कलेक्टर के द्वारा निर्धारित एजेंसी के द्वारा ही किया जायेगा. यदि क्रियान्वयन एजेंसी के विभाग में विभागीय प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों के द्वारा कार्य किया जाना आवश्यक हो तभी ठेकेदारों के माध्यम से कार्य कराया जायेगा.

5.7 जिला कलेक्टर योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों का कम से कम 10 प्रतिशत वर्ष में स्वयं निरीक्षण करेंगे. जिला स्तर पर कलेक्टर एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी के माध्यम से योजना का क्रियान्वयन करेंगे.

6. योजना की मानीटरिंग व्यवस्था :

6.1 योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को समयावधि में पूर्ण करने का उत्तरदायित्व संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी/विभाग का होगा. कलेक्टर के द्वारा समय-समय पर कार्यों की प्रगति की जानकारी लेने हेतु क्रियान्वयन एजेंसी की बैठक ली जावेगी. संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी का जिले के विभागीय अधिकारी द्वारा कार्यों का निरीक्षण किया जायेगा. जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी के द्वारा स्वीकृत कार्यों के 80 प्रतिशत कार्यों का निरीक्षण किया जायेगा.

6.2 योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों का रजिस्टर पृथक् से रखा जायेगा. जिसमें कार्य का नाम विकासखंड/विधानसभा क्षेत्र का नाम, कार्य की अनुमानित लागत, शासन के द्वारा दिये गये अनुमोदन का दिनांक, तकनीकी स्वीकृति का दिनांक, प्रशासकीय स्वीकृति का दिनांक, कार्य पूर्ण होने के दिनांक, मूल्यांकन की राशि, कार्य की प्रणाली, प्रमाण-पत्र जारी होने के दिनांक की प्रविष्टि की जावेगी.

6.3 कलेक्टर प्रतिमाह कार्यों की प्रगति के संबंध में पत्रिका (राज्य शासन) वित्त एवं योजना विभाग को भेजेंगे.

6.4 योजना के अंतर्गत जिन कार्यों को लिये जाने की अनुमति नहीं होगी, उसकी सूची परिशिष्ट-2 पर है.

6.5 इस योजना को क्रियान्वित करने में कोई कठिनाई हुई तो उसके लिए राज्य शासन (वित्त एवं योजना विभाग) इस मार्गदर्शिका में आवश्यक संशोधन कर सकेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. पी. त्रिवेदी, विशेष सचिव.

परिशिष्ट-1

छत्तीसगढ़ स्थानीय विकास योजनान्तर्गत लिये जा सकने वाले कार्यों की सूची

(क) शिक्षा हेतु भवनों का निर्माण.

(ख) गांवों, कस्बों अथवा नगरों के लोगों के लिए नलकूप खोदकर उससे संबंधित अन्य कार्यों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराना एवं पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पावर पम्प, पाइप लाइन का डाला जाना. पेयजल व्यवस्था हेतु कुआं निर्माण.

(ग) ग्रामीण सड़कों तथा संपर्क सड़कों का निर्माण तथा शहरी एवं ग्रामीण आवासी क्षेत्र के आंतरिक मार्गों का डामरीकरण.

(घ) संपर्क सड़कों पर रपटों तथा पुलों का निर्माण.

(ङ) वृद्ध एवं विकलांगों के लिए सामुदायिक रैन बसेरों का निर्माण करना.

(च) सांस्कृतिक तथा खेल गतिविधियों के लिए छोटे भवनों का निर्माण करना.

(छ) सरकारी और सामुदायिक भूमि पर सामाजिक वानिकी, कृषि वानिकी, बागवानी, उद्योगों, बगीचों का निर्माण करना.

(ज) ग्रामीण तालाबों से गाद निकालना.

(झ) ग्रामों में खरंजों वाले मार्गों का निर्माण.

(ञ) सामुदायिक उपयोग एवं सम्बद्ध गतिविधियों के लिए सार्वजनिक गोबर गैस संयंत्र, गैर परम्परागत ऊर्जा प्रणालियों/उपादानों का निर्माण.

(ट) जल संवर्धन योजनायें-उद्वहन सिंचाई योजनायें एवं सामूहिक ट्यूबवेल्स का खोदा जाना. सिंचाई बांधों एवं नहरों की मरम्मत, कृषि सिंचाई हेतु नलकूपों की खराब मोटरों की मरम्मत.

(ठ) सार्वजनिक वाचनालय अथवा अध्ययन कक्ष का निर्माण.

(ड) बालवाड़ी तथा आंगनबाड़ियों का निर्माण.

(ढ) परिवार कल्याण उपकेन्द्रों सहित जन स्वास्थ्य भवनों तथा चीरगृहों (Post Mortem) का निर्माण.

(ण) शवदाह गृह/कब्रिस्तानों का निर्माण.

(त) सार्वजनिक शौचालयों तथा स्नानगृहों का निर्माण.

(थ) नालियों और नालों का निर्माण.

(द) पटरी (Foot-Path) पैदल पथ (Path ways) तथा पैदल चलने वालों के लिए पुलों (Foot bridge) का निर्माण.

(ध) शहरी गंदी बस्तियों, कस्बों और गांवों में पानी-रास्तों में सार्वजनिक शौचालयों जैसी नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था, गंदी बस्तियों में कारीगरों के लिए सार्वजनिक वर्कशेडों का निर्माण और नगरीय/ग्रामीण क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने संबंधी कार्य तथा आवश्यकतानुसार ट्रांसफार्मर की स्थापना.

(न) सार्वजनिक परिवहन से यात्रा करने वाले लोगों के लिए बस शेडों/स्टापों का निर्माण.

(प) पशुचिकित्सा सहायता केन्द्र, कांजी हाऊस का निर्माण.

(फ) भूमि संवर्धन कार्य.

(ब) अपूर्ण योजनाओं को पूरा करना.

(म) सामाजिक संगठनों द्वारा भवन/धर्मशाला का निर्माण.

(य) सार्वजनिक वितरण प्रणाली हेतु गोदाम/केरोसीन भण्डारण व्यवस्था का निर्माण.

(र) शासकीय भवनों के एक लाख रुपये की वित्तीय सीमा तक मरम्मत संबंधी कार्य.

(ल) चौपाल निर्माण.

परिशिष्ट-2.

विशेष रूप से निम्नलिखित कार्यों को इस योजना के अंतर्गत अनुमति नहीं दी जायेगी

(क) वे कार्य जो जिला योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं.

(ख) कार्यालय भवन, आवासीय भवन तथा अन्य भवन जो केन्द्र अथवा राज्य सरकारों के विभागों, एजेंसियों अथवा संगठनों से संबंधित हैं.

(ग) व्यावसायिक संगठनों, ट्रस्टों, पंजीकृत सोसायटियों, निजी संस्थाओं, सहायता प्राप्त संस्थाओं अथवा सहकारी संस्थाओं से संबंधित कार्य.

(घ) किसी भी प्रकार के मरम्मत और रख-रखाव का कार्य (शासकीय भवनों के मरम्मत संबंधी कार्य को छोड़कर).

(ङ) अनुदान एवं ऋण.

(च) स्मारक अथवा स्मारक भवन.

(छ) सामग्री की खरीद अथवा किसी भी प्रकार का भण्डार (शिक्षण संस्थाओं के लिए फर्नीचर क्रय की व्यवस्था को छोड़कर)

(ज) भूमि का अधिग्रहण अथवा अर्जित भूमि के लिए मुआवजा.

(झ) व्यक्तिगत लाभ के लिए परिसंपत्तियां, सिवाय उनके जो अनुमोदित योजनाओं के भाग हैं.

(ञ) धार्मिक कार्यकलापों के लिए स्थान.

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 5 अगस्त 2002

क्रमांक एफ-6/19/गृह/2002.--मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 (क्र. 28 सन् 2000) की धारा 79 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित आदेश बनाती है, अर्थात् :—

आदेश

1. (1) इस आदेश का संक्षिप्त नाम विधियों का अनुकूलन आदेश 2002 है.

   (2) यह नवम्बर 2000 के प्रथम दिन से संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य पर लागू होगा.

2. इस आदेश की अनुसूची में समय-समय पर यथा संशोधित ऐसी विधियां, जो छत्तीसगढ़ राज्य के संरचना के अव्यवहित पूर्व मध्यप्रदेश राज्य में प्रवृत्त थी, एतद्द्वारा तब तक छत्तीसगढ़ राज्य में विस्तारित की जाती है तथा प्रवृत्त रहेंगी जब तक की वे निरसित या संशोधित न कर दी जाएं और इस समस्त विधियों में उपान्तरणों के अध्यधीन रहते हुए समस्त विधियों में शब्द "मध्यप्रदेश" जहां कहीं भी वह आया हो, के स्थान पर शब्द "छत्तीसगढ़" किये जाएं तथा शब्द "भोपाल" जहां कहीं भी आया हो के स्थान पर शब्द "रायपुर" पढ़ा जावें.

3. अनुसूची में विनिर्दिष्ट विधियों द्वारा या उसके अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कोई भी बात या की गई कोई कार्यवाही (किसी नियुक्ति, अधिसूचना, सूचना, आदेश, नियम, प्रारूप, विनियम, प्रमाण-पत्र या अनुज्ञप्ति को सम्मिलित करते हुए) छत्तीसगढ़ राज्य में लगातार प्रवृत्त रहेगी.

अनुसूची

क्रमांक (1)	विधियों का नाम (2)
1.	भोपाल स्थित शासकीय आवास आवंटन नियम, 2000 (परिशिष्ट 1, 2, 3 को छोड़कर)

Raipur, the 5th August 2002

No. F-6/19/Home/2002.—In exercise of the powers conferred by the under Section 79 of the Madhya Pradesh Re-organisation Act, 2000 (No. 28 of 2000), the State Government hereby makes the following order :—

ORDER

1. (i) This order may be called the Adaptation order 2002.

   (ii) It shall come into force in the whole State of Chhattisgarh on the first day of November, 2000.

2. The Laws as amended from time to time, specified in the Schedule to this order which were in force in the State of Madhya Pradesh immediately before the formation of the State of Chhattisgarh are hereby extended to and shall be in force in the State of Chhattisgarh until repealed or amended, and subject to the modification that in all the Laws for the words "Madhya Pradesh" wherever they occur the word "Chhattisgarh" shall be substituted and words "Bhopal" wherever they occur the word "Raipur" shall be substituted.

3. Anything done or any action taken (including any appointment, notification, notice, order, form, rule, regulation, certificate or licence) in exercise of the powers conferred by or under the Laws specified in the schedule shall continue to be in force in the State of Chhattisgarh.

SCHEDULE

S. No. (1)	Name of Laws (2)
1.	Bhopal Sthith Shaskiya Awas Abantan Niyam, 2000 (Excluding Annexure 1, 2, 3)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेणु जी. पिल्ले, संयुक्त सचिव.

लोक निर्माण विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 2 सितम्बर 2002

क्रमांक 4744/लो. नि./02/19.—छत्तीसगढ़ राज्य में लागू हुए रूप में भारतीय पथकर अधिनियम, 1851 (1851 का सं. 8) की धारा 4 के साथ पठित भारतीय पथकर (छत्तीसगढ़ संशोधन) अधिनियम, 1932 की धारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, ऐसे 20 पुलों को, जो संलग्न परिशिष्ट-क में सूचीबद्ध है, मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग की अधिसूचना क्रमांक जी-23-4-2000-सी-19, दिनांक 27-1-2000 से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट उन्हीं दरों से पथकर उद्गृहीत करती है और यह घोषित करती है कि छत्तीसगढ़ कार्य मैनुअल भाग-दो में परिशिष्ट 9.26 में विनिर्दिष्ट मानों को उक्त पथकर के भुगतान से छूट दी जाए.

छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा राज्य में निर्मित पुलों की सूची जिन पर टोल टैक्स लगाना प्रस्तावित है

क्रमांक	पुल का नाम एवं लोकेशन	लागत (लाख रुपये में)
(1)	(2)	(3)
	तेल नदी सेतु	
1.	देवभोग कुम्हड़ई झाखरपारा मार्ग के कि.मी. 3/10	102.25
	पैरी नदी सेतु	
2.	राजिम गरियाबंद देवभोग मार्ग कि.मी. 87/2-6	525.00
	कोल्हान नाला सेतु	
3.	नवागांव-भानसोज मार्ग कि.मी. 10/10	32.00
	सुरंगी नाला सेतु	
4.	सराईपाली-पदमपुर मार्ग कि.मी. 10/4	100.00
	तान्दुला नदी सेतु	
5.	ग्राम भर्रीटोला के पास बोरिया डोडी मार्ग कि.मी. 34/8	42.00
	खूंटी नाला सेतु	
6.	बसना-भंवरपुर मार्ग कि.मी. 9/6	30.00
	पथर्रा नाला सेतु	
7.	नवापारा कुरूद मार्ग कि.मी. 5/2	44.00
	बोरिया नाला सेतु	
8.	वालेंगा-खोरखोसा मार्ग कि.मी. 4/2	40.27
	अरपा सेतु	
9.	रतनपुर बेलगहना मार्ग कि.मी. 29/2	219.25
	सोन सेतु	
10.	भैंसमा सक्ती मार्ग के कि.मी. 30/4	46.78

(1)	(2)	(3)
	माण्ड सेतु	
11.	धरमजयगढ़-गूमनी टिकरा मार्ग कि.मी. 6/2	126.60
	सोनाजोरी सेतु	
12.	तपकरा फरसाबहार मार्ग कि.मी. 8/4	93.00
	आमाटोली सेतु	
13.	बागबहार-कोतवा लैलूंगा मार्ग के कि.मी. 12/2	42.30
	तमता सेतु	
14.	फुलेटा तमता मार्ग के कि.मी. 10/4	69.10
	सोनक्यारी सेतु	
15.	जशपुर-सन्ता मार्ग के कि.मी. 37/10	45.00
	फुलझर सेतु	
16.	(अ) अंबिकापुर प्रतापपुर मार्ग के कि.मी. 18/10	60.00
	महान सेतु	
	(ब) अंबिकापुर प्रतापपुर मार्ग के कि.मी. 23/8-10	122.34
	बांकी सेतु	
	(स) अंबिकापुर प्रतापपुर मार्ग के कि.मी. 40/10	107.07
	बांकी सेतु	
17.	प्रतापपुर-सेमरसोत मार्ग के कि.मी. 23/2	60.30
	मछली सेतु	
18.	दरिमा मेनपाट मार्ग के कि.मी. 7/2	35.00
	माण्ड सेतु	
19.	धरमजयगढ़ कापू मार्ग के कि.मी. 2/4-6	278.28

(1)	(2)	(3)
	शिवनाथ सेतु	
20.	बरतोरी-अमलीडीह मार्ग के कि.मी. 5/6	216.38

रायपुर, दिनांक 2 सितम्बर 2002

क्रमांक 4744/लो.नि./02/19.—छत्तीसगढ़ राज्य में लागू हुए रूप में भारतीय पथकर अधिनियम, 1851 (1851 का सं. 8) की धारा 4 के साथ पठित भारतीय पथकर (छत्तीसगढ़ संशोधन) अधिनियम, 1932 (क्रमांक 25 सन् 1932) की धारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, राज्य में पुलों पर उद्ग्रहित की जाने वाली पथकर की निम्नलिखित दरें अधिरोपित करती हैं—

अनुक्रमांक (1)	वाहनों का विवरण (2)	दिनांक 31-3-2003 तक उद्ग्रहित किए जाने वाले पथकर की दरें (3)
1.	टेम्पो, टेक्सी, मिनी बस, मेटाडोर भरा या खाली, स्टेशन वेगन एवं इसी प्रकार के वाहन.	20.00
2.	निजी कार, जीप, पिकअप	12.00
3.	खाली ट्रक, भरा या खाली बस	30.00
4.	भरा हुआ ट्रक	45.00
5.	मल्टी एक्सल ट्रक, ट्रेलर	60.00
6.	अर्थ मुव्हिंग मशीन (प्रतिटन)	06.00

प्रत्येक तीन वर्ष के लिए पथकर की दरों में 25 प्रतिशत तक वृद्धि की जा सकेगी जिसके लिए पृथक् आदेश जारी किया जा सकेगा.

ये दरें उन कार्यों को लागू नहीं होगी जिनका सन्निर्माण किया जा रहा है या सरकार की निर्मित तथा स्थानांतरित योजना के अधीन सन्निर्माण किया गया जिसके लिए पूर्व से ही करार निष्पादित किए गए हैं.

किसी मान से पथकर की दरें दिन में केवल एक बार ही उद्ग्रहित की जाएगी जैसे 6.00 ए.एम. से 6.00 ए.एम. तक उक्त समस्त दरें छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होंगी.

परिशिष्ट 9.26

वाहनों की सूची जो शासन द्वारा पुल पार करने पर पथकर अदायगी से मुक्त की गयी है.

भाग I—कार्यपालन यंत्री से स्थायी पास प्राप्त किये बिना—

1. माननीय राज्यपाल एवं माननीय मंत्रीगण के वाहन व परिवहनादि.
2. माननीय विधान सभा अध्यक्ष एवं माननीय विधान सभा उपाध्यक्ष के वाहन व परिवहनादि.
3. सेना के अधिकारीगण के वाहन एवं परिवहनादि जो कर्त्तव्य पर यात्रा कर रहे हों.
4. मोर्चों पर जाते सैनिकों के साथ वाहन व परिवहनादि.
5. वाहन जो सामरिक प्राधिकरण के आदेशों के अंतर्गत चल रहे हों.
6. कर्त्तव्यरत पुलिस अधिकारीगण के वाहन/ऐसे पुलिस अधिकारीगण या तो—

   (एक) वर्दी में होंगे, अथवा

   (दो) जिला पुलिस अधीक्षक का इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे कि वे कर्त्तव्य पर हैं, अथवा

   (तीन) यदि जिला पुलिस अधीक्षक से निम्न पद पर है तो पट्टेदार द्वारा रखे गये पुस्तक में अथवा पद, नाम व तथ्य अंकित करेंगे कि वे कर्त्तव्य पर यात्रा कर रहे हैं.
7. संभाग के कार्यपालन यंत्री का वाहन, जिसमें पुल अवस्थित है, जब वह कर्त्तव्य पर यात्रा कर रहे हैं.
8. ग्राम कोटवारी के वाहन व परिवहनादि जो कर्त्तव्य पर हो एवं फौजदारी मामले में साक्षीगण के वाहन जो पुलिस द्वारा चुनौती प्राप्त हुये हों.
9. काश्तकारों के वाहन एवं परिवहनादि जो कृषि में उपयोग में लिये जाते हों जिनके खेत या चरणोई भूमि पुल की दूसरी ओर उनके घरों से 3 कि.मी. के अन्दर पड़ते हों. राजस्व पुस्तिका प्रस्तुत करने पर (भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका).
10. वाहन जो डाक लाने के अनुज्ञप्तिधारी हो.
11. शासकीय क्षुद्र वाहन जैसे कार, जीप, ट्रेक्टर, रोगी वाहक जो कर्त्तव्य पर यात्रा कर रहें हों.
12. छत्तीसगढ़ राज्य के विधान सभा सदस्यों के वाहन एवं सांसदों के वाहन.
13. समस्त वाहन जो कम्पोस्ट खाद परिवहन कर रहें हों.
14. पहचान पत्र धारक अखबारों के संवाददाताओं, पत्रकारों के वाहन.
15. रोगी वाहक एवं अग्निशामकों के वाहनों को तुरन्त निकल जाने दिया जावेगा.

16. ट्रेक्टर ट्राली खाली या कृषि यंत्रों सहित.

भाग II—कार्यपालन यंत्री से स्थायी पास प्राप्त किये हुए—

17. शासकीय सेवकों एवं उनके परिचारकों के वाहन जो कर्त्तव्य पर यात्रा कर रहें हों.

18. वाहन जो एकमात्र स्कूलगामी बच्चों द्वारा प्रयुक्त किया जाता हो जो स्कूल जाने या वहां से लौटने वास्ते काम में लिया जाता हो.

नोट :—वाहन का चालक जिसे पथकर चुकाने से मुक्त किया गया हो अपना नाम, पद एवं कर्त्तव्य की प्रकृति जिसमें वह लगा है को लिखित में दर्ज करेगा यदि वह साक्षर है.

Raipur, the 2nd September 2002

No. 4744/PWD/02/19.—In exercise of the powers conferred by Section 2 of the Indian Tolls (Chhattisgarh Amendment) Act, 1932 read with Section 4 of the Tolls Act, 1851 (No. VIII of 1851), in its application to the State of Chhattisgarh the State Government hereby levies Toll Tax on 20 bridges enlisted in Appendix A appended herewith, at the same rates specified in the Schedule appended to the then Government of Madhya Pradesh, P. W. D. Notification No. G-23-4-2000-C-19 dated 27-1-2000 and declares that the vehicles specified is the appendix 9.26 of Madhya Pradesh work department Manual Volume II shall be exempted from the payment of the said tolls.

These orders shall come into force from the date of this Notification.

LIST OF THE BRIDGES CONSTRUCTED IN CHHATTISGARH STATE ON WHICH TOLL TAX IS PROPOSED

S. No. (1)	Name of bridge and road (2)	Cost in lakhs (3)	Remarks (4)
1.	TEL RIVER BRIDGE		
	In Km. 3/10 of Deobhog Kumhadai Jhakharpara Road	102.25	
2.	PARRY RIVER BRIDGE		
	In Km. 87/2-6 of Rajim Gariaband Deobhog Road	525.00	
3.	KOLHAN NALLA BRIDGE		
	In Km. 10/10 of Nawagaon Bhansod Road	32.00	
4.	SURANGI NALLAH BRIDGE		
	In Km. 10/4 of Saraipali Padampur Road	100.00	
5.	TANDULA RIVER BRIDGE		
	In Km. 34/8 near Village Bharritola of Boria Dhondi Road	42.00	

(1)	(2)	(3)	(4)
6.	KHSTI NALLA BRIDGE		
	In Km. 9/6 of Basna Bhawarpur Road	30.00	
7.	PATHARRA NALLA BRIDGE		
	In Km. 5/2 of Nawapara Kurud Road	44.00	
8.	BORIA NALLA BRIDGE		
	In Km. 4/2 of Balenga Khorkhosa Road	40.27	
9.	ARPA BRIDGE		
	In Km. 29/2 of Ratanpur Belgahna Road	219.25	
10.	SON BRIDGE		
	In Km. 30/4 of Bhaisma Sakti Road	46.78	
11.	MAND BRIDGE		
	In Km. 6/2 of Dharamjaygarh Amni Tikra Road	126.60	
12.	SONAJORI BRIDGE		
	In Km. 8/4 of Tapkara Pharsabahar Road	93.00	
13.	AMATOLI BRIDGE		
	In Km. 12/2 of Bagbahar Kotwa Lailunga Road	42.30	
14.	SAMTA BRIDGE		
	In Km. 10/4 of Phuleta Tamta Road	69.10	
15.	SONKAYARI BRIDGE		
	In Km. 37/10 of Jashpur Samta Road	45.00	
16.	PHULJHAR BRIDGE		
	A. In Km. 18/10 of Ambikapur Pratappur Road	60.00	
	B. MAHAN BRIDGE		
	In Km. 23/8-10 of Ambikapur Pratappur Road	122.34	
	C. BANKI BRIDGE		
	In Km. 40/10 of Ambikapur Pratappur Road	107.07	

(1)	(2)	(3)	(4)
17.	BANKI BRIDGE		
	In Km. 23/2 of Pratappur Semarsot Road	60.30	
18.	MACHHALI BRIDGE		
	In Km. 7/2 of Darima Menpat Road	35.00	
19.	MAND BRIDGE		
	In Km. 2/4-6 of Dharamjaygarh Kapu Road	278.28	
20.	SEONATH BRIDGE		
	In Km. 5/6 of Bartori Amlidih Road	216.38	

Raipur, the 2nd September 2002

No. 4744/PWD/02/19.—In exercise of the powers conferred by Section 2 of the Indian Tolls Act (Chhattisgarh Amendment) Act, 1932 read with Section 4 in its application to the State of Chhattisgarh of the Tolls Act, 1851 (No. VIII of 1851), the State Government hereby impose the following rates of tolls to be levied on bridges in the State.

S. No. (1)	Description of Vehicles (2)	Rates of tolls to be levied upto 31-3-2003 (3)
1.	Tempo, Taxi, Mini Bus, Matador loaded or empty Station wagon or equivalent vehicle.	20.00
